Seventeenth Loksabha

span>

Title: Regarding need to provide higher interest rates on Small Savings Schemes.

श्री मुकेश राजपूत (फर्रूखाबाद): माननीय सभापति महोदय, आपने मुझे शून्यकाल में बोलने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आभारी हूँ।

महोदय, देश की 70 प्रतिशत आबादी ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करती है। उसे अपनी छोटी-छोटी बचतों के लिए राष्ट्रीय अल्प बचत की योजनाएं ही आकर्षित करती हैं। राष्ट्रीय अल्प बचत योजनाओं में अधिकतर देश के गरीब एवं मध्यम वर्ग के लोग ही अपने भविष्य को सुखमय बनाने के लिए निवेश करते हैं। परन्तु, जहाँ देश में म्यूचुअल फण्ड्स अधिकतम रिटर्न दे रहे हैं, उसमें रिस्क भी बहुत अधिक होता है। देश की गरीब और मध्यम वर्ग की जनता ऐसा रिस्क नहीं ले सकती है। इन्हें देश की राष्ट्रीय बचत योजनाओं में निवेश करने में विश्वास नहीं होता है।

अत: आपके माध्यम से, मैं देश के यशस्वी वित्त मंत्री जी से विनम्र निवेदन करता हूँ कि देश की गरीब एवं मध्यम वर्गीय जनता के लिए अल्प बचत योजनाओं में निवेश करने के लिए और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए आकर्षक ब्याज दर की योजनाओं को लाना चाहिए, जो बैंक से ज्यादा रिटर्न देने में सक्षम हों।

महोदय, मैं आपके माध्यम से एक और बात कहना चाहता हूँ कि सुकन्या योजना के अंतर्गत जो अभिभावक अपनी बेटियों का खाता खुलवाते हैं और अचानक अभिभावक की मृत्यु हो जाती है, तो इस संबंध में, मेरा सरकार से निवेदन है कि सुकन्या योजना के अंतर्गत बीमा को जोड़ दिया जाए ताकि बीमा की राशि के माध्यम से बेटियों की शादी हो सके।

माननीय सभापति : श्री कोथा प्रभाकर रेड्डी – उपस्थित नहीं।

श्री सुनील कुमार मंडल – उपस्थित नहीं।

श्री मनोज कोटक।